# TET CUM TRT - 2018

## TGT – HINDI

1. One of the following was founded by Gopala Krishna Gokhale

    1. Deccan Education Society
    **2. The Servants of India Society**
    3. Theosophical Society
    4. Arya Samaj

    निम्न में से इसकी स्थापना गोपाल कृष्ण गोखले ने की थी -

    1. दक्कन एजुकेशन सोसाइटी
    **2. द सर्वेंट्स ऑफ इंडियन सोसाइटी**
    3. थियोसोफिकल सोसाइटी
    4. आर्य समाज

2. This planet that is known as 'Red planet'

    1. Jupiter
    2. Saturn
    3. Venus
    **4. Mars**

    इस ग्रह को 'लाल ग्रह' कहा जाता है -

    1. बृहस्पति (Jupiter)
    2. शनि (Saturn)
    3. शुक्र (Venus)
    **4. मंगल (Mars)**

3. Department of Internal Security comes under this ministry

1. Rural Development
2. External Development
3. Human Resource Development
4. **Home Affairs**

आंतरिक सुरक्षा विभाग इस मंत्रालय के अधीन होता है -

1. ग्रामीण विकास
2. विदेश विकास
3. मानव संसाधन विकास
4. **गृह मंत्रालय**

4. The number of digits provided in Aadhaar card is

आधार कार्ड में अंकों की संख्या होती हैं -

1. **12**
2. 16
3. 10
4. 14

5. The layer which absorbs all the harmful UV-β radiations emanating from sun is

1. The earth crust layer
2. The carbon layer
3. **The ozone layer**
4. Iono layer

सूर्य से निकलने वाली सभी हानिकारक UV-β विकिरणों को शोषित करने वाली परत है -

1. पृथ्वी की ऊपरी परत
2. कार्बन की परत
3. **ओज़ोन परत**
4. आइनो परत

6. The expanded form of GST

1. Goods and Spending Tax
2. Goods and Savings Tax
3. Goods and Sales Tax
4. **Goods and Services Tax**

जी एस टी (GST) का विस्तार रूप है -

1. गुड्स एंड स्पेंडिंग टैक्स
2. गुड्स एंड सेविंगस् टैक्स
3. गुड्स एंड सेल्स टैक्स
4. **गुड्स एंड सर्विसेस् टैक्स**

7. The leading state in India in occurrences of mica pegmatite’s is

1. Rajasthan
2. Odisha
3. **Andhra Pradesh**
4. Bihar

अभ्रक पेगमाटाइटिस की उत्पत्ति में भारत का अग्रणी राज्य है -

1. राजस्थान
2. ओडिशा
3. **आंध्र प्रदेश**
4. बिहार

8. The first Indian who got a Nobel Prize is

1. Sir C.V. Raman
2. **Rabindranath Tagore**
3. Hargobind Khorana
4. Subrahmanyan Chandrasekhar

नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रथम भारतीय हैं -

1. सर सी.वी. रमण
2. **रविन्द्रनाथ टैगोर**
3. हरगोविंद खुराना
4. सुब्रह्मण्यन चंद्रशेखर

9. In Indian constitution, the amendment of this article provides for reducing voting age from 21 to 18 years

**1. Article 326**

2. Article 276

3. Article 359

4. Article 334

भारतीय संविधान के इस अनुच्छेद में संशोधन के द्वारा मतदान की आयु को 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष किया गया था -

**1. अनुच्छेद 326**

2. अनुच्छेद 276

3. अनुच्छेद 359

4. अनुच्छेद 334

10. The following three states have been awarded the best performing states under AMRUT at the National Dissemination Workshop on Ease of Living Index, 2018 held in September 24, 2018

1. Tamil Nadu, Kerala and Karnataka
2. Andhra Pradesh, Assom and Tripura
3. Punjab, Haryana and Himachal Pradesh
4. **Andhra Pradesh, Odisha and Madhya Pradesh**

24 सितंबर 2018 में आयोजित ईज़ ऑफ लिविंग इंडेक्स, 2018 पर नेशनल डिस्सेमिनेशन वर्कशॉप में AMRUT के अंतर्गत उत्तम निष्पादन के लिए निम्न तीन राज्यों ने पुरस्कार प्राप्त किये थे -

1. तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक
2. आंध्र प्रदेश, असोम और त्रिपुरा
3. पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश
4. **आंध्र प्रदेश, ओडिशा और मध्य प्रदेश**

11. The only person, who won the election of the president as an independent candidate in 1969 is

1. Dr. Zakir Hussain
2. **V.V. Giri**
3. B.D. Jatti
4. N. Sanjeeva Reddy

1969 में स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में राष्ट्रपति का चुनाव जीतने वाले अकेले व्यक्ति हैं -

1. डॉ. ज़ाकिर हुसैन
2. **वी.वी. गिरि**
3. बी.डी. जट्टी
4. एन. संजीवा रेड्डी

12. The first man to set foot on moon was

1. **Neil Armstrong**
2. Edwin Aldrin
3. Marco Polo
4. Major Yuri Gagarin

चंद्रमा पर कदम रखने वाले पहले व्यक्ति हैं -

1. **नील आर्मस्ट्रांग**
2. एडविन आल्डरिन
3. मार्को पोलो
4. मेजर यूरी गागरिन

13. The smallest bird in the world is

1. Ostrich
2. Albatross bird
3. **Humming bird**
4. Needle – tailed Swift

विश्व का सबसे छोटा पक्षी है -

1. शुतुरमुर्ग (ऑसट्रिच)
2. एलबैटरोस बर्ड
3. **हम्मिंग बर्ड**
4. नीडल - टेइल्ड स्वीफ्ट

14. The capital of Egypt is

1. Kabul
2. Jerusalem
3. **Cairo**
4. Juba

इजिप्ट की राजधानी है -

1. काबुल
2. जेरूसेलम
3. **कैरो**
4. जूबा

15. This is called as Land of Midnight Sun

1. Egypt
2. **Norway**
3. Thailand
4. Finland

इसे 'लैंड ऑफ मिडनाइट सन' कहा जाता है -

1. इजिप्ट
2. **नार्वे**
3. थाईलैंड
4. फिनलैंड

16. The 75th anniversary of Azad Hind Government formed by Nethaji Subash Chandra Bose held in New Delhi on

1. 5th September 2018
2. 12th June 2018
3. 15th August 2018
4. **21st October 2018**

नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा गठित आज़ाद हिंद सरकार की 75 वीं वर्षगाँठ, नई दिल्ली में इस दिन मनायी गयी -

1. 5 सितंबर 2018
2. 12 जून 2018
3. 15 अगस्त 2018
4. **21 अक्तूबर 2018**

17. This is the symbol of peace

   **1. White Flag**
   2. Wheel
   3. Lotus
   4. Red Flag

   यह शांति का प्रतीक है -

   **1. श्वेत ध्वज**
   2. चक्र
   3. कमल
   4. लाल ध्वज

18. The Father of Computers is

   **1. Charles Babbage**
   2. John Mc Carthy
   3. Geoffrey Chancer
   4. Adam Smith

   कंप्यूटर के जनक हैं -

   **1. चार्ल्स बैबेज**
   2. जॉन मैक कार्थी
   3. जॉफरी चांसर
   4. एडम स्मिथ

19. Central Institute of Indian Languages is located at

1. Hyderabad
2. **Mysore**
3. Bengaluru
4. New Delhi

भारतीय भाषा केंद्रीय संस्थान यहाँ स्थित है -

1. हैदराबाद
2. **मैसूर**
3. बैंगलोर
4. नई दिल्ली

20. The number of Cricket World Cups in one day internationals won by India are

एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के खेल में भारत ने इतने विश्व कप जीते हैं -

1. 4
2. 3
3. **2**
4. 5

21. Identify the meaning for the word 'Grihasthashrama'

1. Worshiping God
2. Studying in Gurukula
3. Leaving all pleasures of life
4. **Leading a married life**

'गृहस्थाश्रम' शब्द के अर्थ की पहचान कीजिए -

1. ईश्वर की उपासना करना
2. गुरुकुलों में अध्ययन करना
3. जीवन के सभी सुखों का त्याग करना
4. **विवाहित जीवन व्यतीत करना**

22. 'Tripeettikas' are the preachings of

1. Vardhamana
2. **Buddha**
3. Adishankaracharya
4. Ramanuja

'त्रिपिटकों' में इनके उपदेश हैं -

1. वर्धमान
2. **बुद्ध**
3. आदिशंकराचार्य
4. रामानुज

23. 'It contains a record of all money transactions that are being carried through from day to day in the school.'

1. **Cash Book**
2. Ledger
3. Contingency Register
4. Remittance Book

इसमें विद्यालय में प्रतिदिन किये जाने वाले संपूर्ण धन विनिमय का रिकार्ड होता है -

1. **कैश बुक**
2. लेड्जर
3. कंटीजेंसी रजिस्टर
4. रेमिटेंस बुक

24. A school calendar should contain all the items except -

1. All types of holidays
2. **Details of leave, promotion, superannuation of teachers and other staff**
3. Dates of public and school examinations
4. Dates of meeting of School Committees, Teachers associations, local excursions, school tournament

विद्यालय के कैलेंडर में इसके अतिरिक्त सभी अंश होते हैं -

1. सभी प्रकार के अवकाश
2. **शिक्षकों तथा अन्य कर्मचारियों के अवकाश, पदोन्नति और सेवानिवृत्ति का विवरण**
3. सार्वजनिक और विद्यालयी परीक्षाओं की तारीख
4. विद्यालय समितियों, शिक्षक संघों, स्थानीय विहार यात्राओं, विद्यालय टूर्नामेंटों की सभाओं की तारीख

25. This is a democratic value

1. Intolerance
2. Social insensitiveness
3. Self-consciousness
**4. Fellow- Feeling**

यह एक प्रजातांत्रिक मूल्य है -

1. असहिष्णुता
2. सामाजिक - असंवेदनशीलता
3. आत्म चेतना
**4. सहानुभूति**

26. 'Badiki Vastha' is a/an

1. Cleanliness programme in school
2. Scholarship programme for girls
3. Award given to children for good attendance in schools
**4. Bicycle Distribution programme for school students**

'बड़ीकी वस्ता' है -

1. विद्यालय का स्वच्छता कार्यक्रम
2. लड़कियों के लिए छात्रवृत्ति कार्यक्रम
3. विद्यालय में अच्छी उपस्थिति के लिए बच्चों को दिया जाने वाला पुरस्कार
**4. विद्यालय के छात्रों के लिए साईकिल वितरण कार्यक्रम**

27. This is a form of 'information' in RTI Act 2005

1. Electricity Bills
2. Doctor's Prescriptions
3. **Log Books**
4. Dictionary

RTI अधिनियम 2005 में यह 'सूचना' का प्रारूप है -

1. बिजली के बिल
2. डॉक्टर के पर्चे (Doctor's Prescriptions)
3. **लॉग बुक्स**
4. शब्दकोश (Dictionary)

28. As per RTE Act 2009, if the class strength goes above 150 children the number of teachers to be appointed

1. Four
2. Three
3. Three plus one head teacher
4. **Five plus one head teacher**

RTE अधिनियम 2009 के अनुसार, यदि कक्षा में छात्रों की संख्या 150 से ऊपर हो तो इतने शिक्षकों की नियुक्ति की जानी चाहिए -

1. चार
2. तीन
3. तीन शिक्षकों के साथ एक प्रधान शिक्षक
4. **पाँच शिक्षकों के साथ एक प्रधान शिक्षक**

29. India has signed the Convention on the Rights of the Child (CRC). The most important principles of this Convention are

1. **rights to participation, the right to organisation, and the right to information**
2. rights to education, the right to organisation, and the right to information
3. rights to participation, the right to equality, and the right to information
4. rights to participation, right to education, and the right to Information

भारत ने बाल अधिकार समझौते (CRC) पर हस्ताक्षर किये हैं । इस समझौते का मुख्य सिद्धांत है -

1. **सहभागिता का अधिकार, संगठन का अधिकार, और सूचना का अधिकार**
2. शिक्षा का अधिकार, संगठन का अधिकार, और सूचना का अधिकार
3. सहभागिता का अधिकार, समानता का अधिकार, और सूचना का अधिकार
4. सहभागिता का अधिकार, शिक्षा का अधिकार और सूचना का अधिकार

30. Read the given sentences. Identify the one that is significant with respect to these sentences

- Accept difference… celebrate diversity.
- Make provisions- not restrictions; adjust to the needs of the child.
- Learning together is beneficial for every child.

1. Provision of vocational education

**2. Provision of Inclusive education**

3. Provision of Non-Formal education

4. Provision of bridge courses

निम्न वाक्यों को पढ़िए । इन वाक्यों में से इनसे संबंधित एक महत्वपूर्ण वाक्य की पहचान कीजिए -

- विभिन्नताओं को अपनाइए… अनेकता का उत्सव मनाइए ।
- प्रावधान बनाइए - प्रतिबंध नहीं; बालक की आवश्यकताओं के साथ समायोजन कीजिए ।
- साथ मिलकर सीखना सभी बालकों के लिए लाभकारी है ।

1. व्यावसायिक शिक्षा का प्रावधान

**2. समावेशी शिक्षा का प्रावधान**

3. अनौपचारिक शिक्षा का प्रावधान

4. ब्रिज कोर्सों का प्रावधान

31. Students who do not like Science exhibition, shows their

1. Low Intelligence
2. Learning difficulty
**3. Attitude**
4. Personality

जो छात्र विज्ञान प्रदर्शनी को पसंद नहीं करते हैं, वे अपनी ..... दर्शाते हैं -

1. अल्प बुद्धिमत्ता
2. अधिगम कठिनाई
**3. अभिवृत्ति**
4. व्यक्तित्व

32. As per Maslow's theory of Hierarchy of needs this is a lower order need

1. Belonging and love need
**2. Safety need**
3. Esteem need
4. Self actualization need

मैसलो के 'हायरार्की ऑफ निड्स' के सिद्धांत के अनुसार, यह आवश्यकता का निचला क्रम है -

1. अपनेपन और प्यार की आवश्यकता
**2. सुरक्षा की आवश्यकता**
3. आत्म विश्वास और आत्म सम्मान की आवश्यकता
4. आत्म-प्रत्यक्षीकरण की आवश्यकता

33. An indirect method to measure interest

**1. Sociometry**

2. Questioning

3. Check list

4. Interviewing

रूचि के मापन की अप्रत्यक्ष विधि है -

**1. समाजमिति**

2. प्रश्नावली

3. जाँच सूची

4. साक्षात्कार

34. Self smart people have this type of intelligence

1. Inter personal Intelligence

**2. Intra personal Intelligence**

3. Mathematical logical Intelligence

4. Verbal language Intelligence

स्व कुशल लोगों में इस प्रकार की बुद्धि होती है -

1. अंतः वैयक्तिक बुद्धि

**2. अंतरा वैयक्तिक बुद्धि**

3. गणितीय तार्किक बुद्धि

4. शाब्दिक भाषा बुद्धि

35. This type of learning is demonstrated through memory and task performance

1. Generalisation learning
2. Factual learning
3. **Procedural learning**
4. Association learning

इस प्रकार के अधिगम का प्रदर्शन स्मृति और कार्य निष्पादन द्वारा होता है -

1. सामान्यीकरण अधिगम
2. तथ्यात्मक अधिगम
3. **प्रक्रियात्मक अधिगम**
4. सहचर्य अधिगम

36. Purposeful forgetting is also called as

1. Inhibition
2. Dis-use
3. Physical or Mental shock
4. **Repression**

उद्देश्यपूर्ण विस्मृति को यह भी कहा जाता है -

1. अंतर्बाधा
2. अनभ्यास (अनुपयोग)
3. शारीरिक या मानसिक आघात
4. **दमन**

37. In this model regular teacher takes the assistance of resource teacher to satisfy the different needs of children

1. Itinerant teaching model
**2. Resource model**
3. Dual teaching model
4. Distance learning model

इस मॉडल में नियमित शिक्षक बच्चों की विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए संसाधक शिक्षक की सहायता लेता है -

1. भ्रमणकारी शिक्षण मॉडल
**2. संसाधन मॉडल**
3. द्वि-शिक्षण मॉडल
4. दूरस्थ अधिगम मॉडल

38. Learner uses reasoning and questioning methods in this type of learning style

**1. Understanding learner**
2. Self expressive learner
3. Interpersonal learner
4. Mastery style learner

इस प्रकार की अधिगम शैली में, अधिगमकर्त्ता तर्क और प्रश्नावली विधियों का प्रयोग करता है -

**1. समझदार अधिगमकर्त्ता**
2. स्व-अभिव्यंजक अधिगमकर्त्ता
3. अंतः वैयक्तिक अधिगमकर्त्ता
4. कुशल शैली वाला अधिगमकर्त्ता

39. Trait model is proposed by

1. Daniel Goleman
2. **K.V. Petrides**
3. Peter Salovey
4. John Mayer

ट्रेट मॉडल के प्रतिपादक हैं -

1. डेनियल गोलेमैन
2. **के.वी. पेटरिड्स**
3. पीटर सेलोवे
4. जॉन मेयर

40. These learners learn effectively in silent atmosphere

1. Tactile learners
2. **Auditory learners**
3. Kinesthetic learners
4. Visual learners

ये अधिगमकर्ता शांत वातावरण में प्रभावपूर्ण ढंग से सीखते हैं -

1. टैक्टाइल लर्नर्स
2. **ऑडिटरी लर्नर्स**
3. किनेस्थेटिक लर्नर्स
4. विजुवल लर्नर्स

## CONTENT

41. आचार्य रामचंद्र शुक्ल द्‌वारा रचित हिंदी साहित्य का इतिहास इसकी भूमिका के रूप में लिखा गया था -

    1. हिंदी व्याकरण सागर
    2. **हिंदी शब्द सागर**
    3. हिंदी शब्द कोश
    4. विश्व पद कोश

42. कवि शारंगधर का प्रमुख सुभाषित ग्रंथ यह है -

    1. शारंगधर विधि
    2. **शारंगधर पद्‌धति**
    3. शारंगधर रीति
    4. शारंगधर प्रबोध

43. इस जैन ग्रंथ में अपभ्रंश का अधिक प्रचलित रूप दिखायी पड़ता है, और जैन धर्म के अनुकूल गार्हस्थ्य धर्म का विवेचन हुआ है ।

    1. हरिवंशपुराण
    2. महापुराण
    3. **श्रावकाचार**
    4. अदिपुराण

44. विद्‌यापति की यह पुस्तक तिरूहुत के राजा कीर्तिसिंह की प्रशंसा में लिखी गयी है ।

1. **कीर्तिलता**
2. कीर्तिप्रताप
3. प्रबोध चिंतामणि
4. विजय पाल रासो

45. ''मसि कागद छुयौ नहिं, कलम गह्‌यों नहिं हाथ ।'' यह पंक्ति इनकी है -

1. मूलकदास
2. **कबीरदास**
3. जायसी
4. उसमान

46. इस पंथ के लोग 'सत्तनाम' कहकर अभिवादन करते हैं -

1. **दादू पंथ**
2. गुरू पंथ
3. रज्जब पंथ
4. कबीर पंथ

47. तुलसीदास की कृति कवितावली का दूसरा नाम यह है -

1. बरवै रामायण
2. **कवित्त रामायण**
3. गीत रामायण
4. भाव रामायण

48. ''भले बुरे सब एक सम, जौ लौं बोलत नाहिं ।
जान परत हैं काग पिक, ऋतु बसंत के माहिं ।।''
यह प्रसिद्‌ध दोहा इनकी है -

1. रहीम
2. बिहारी
3. **वृंद**
4. कबीर

49. इनकी कविता में वीर रस के अनुकूल शब्दों में भेरी-रव की विकट ध्वनि लक्षित होती है -

1. मतिराम
2. विहारी
3. चिंतामणि
4. **भूषण**

50. रसराज और ललित-ललाम ग्रंथों के रचयिता थे हैं -

**1. मतिराम**

2. पद्माकर

3. सेनापति

4. भूषण

51. इनका 'नासिकेतोपाख्यान' फोर्ट विलियम कॉलेज में लिखा गया था -

1. इंशाअल्लाखाँ

**2. सदल मिश्र**

3. लल्लूजी लाल

4. राजा शिवप्रसाद

52. इन्होंने 'जुही की कली' में प्रकृति का सौंदर्य-वर्णन मानवीकरण के रूप में किया है -

1. महादेवी वर्मा

2. जय शंकर प्रसाद

**3. पं. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला**

4. डॉ. राम कुमार वर्मा

53. प्रगतिवादी काव्य के साथ इनका संबंध अभिन्न है -

1. अनूप शर्मा
**2. नागार्जुन**
3. सुभद्रा कुमारी चौहान
4. गिरिजा कुमार माथुर

54. ''कितनी नावों में कितनी बार'' - यह रचना इनकी है -

1. निराला
2. महादेवी वर्मा
**3. अज्ञेय**
4. सुमित्रा नंदन पंत

55. यात्रा वृत्तांत - ''मेरी तिब्बत यात्रा'' 'तिब्बत में सवा वर्ष' के लेखक है -

**1. राहुल सांकृत्यायन**
2. महादेवी वर्मा
3. राम नारायण मिश्र
4. शिव प्रसाद गुप्त

56. उन्होंने बनारस में ‘बनारस अखबार’ नामक एक पत्र निकाला, और उसके द्वारा हिंदी प्रचार का प्रयत्न किया -

1. राजा शिव सिंह
**2. राजा शिव प्रसाद सितारेहिंद**
3. सदा सुख लाल
4. लल्लूजी लाल

57. ‘‘उसने कहा था’’ कहानी के कहानीकार ये हैं -

1. सुदर्शन
2. सियाराम शरण गुप्त
**3. चंद्रधर शर्मा गुलेरी**
4. प्रेमचंद

58.

‘शतंरज के मोहरे’, ‘सुहाग के नूपुर’, ‘बूँद और समुद्र’, अमृत और विष, आदि उपन्यासों के लेखक ये हैं -

1. फणीश्वर नाथ रेणु
2. रांगेय राघव
3. नागार्जुन
**4. अमृत लाल नागर**

59. ‘आषाढ का एक दिन’ ‘आधे-अधूरे’ और ‘लहरों का राजहंस’ नाटकों के नाटककार ये हैं -

1. **मोहन राकेश**
2. पाण्डेय बेचन शर्मा ‘उग्र’
3. विनोद रस्तोगी
4. धर्मवीर भारती

60. ‘साहित्य-सीकर’ और ‘रसज्ञ-रंजन’ इनके प्रमुख निबंध है -

1. गोपालराम गहमरी
2. **आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी**
3. पं. माधव प्रसाद मिश्र
4. पं. गोविंद नारायण मिश्र

61. यहाँ के निवासी सिंधु नदी के तट के प्रदेश को हिंद कहते थे -

1. ग्रीक
2. **इरान अथवा फारस**
3. रोम
4. पुर्तगाल

62. खडी बोली गद्य का प्राचीन प्रामाणिक ग्रंथ दक्खिनी में ही मिलता है, इस गद्य ग्रंथ का नाम 'मिराजुल आशिकीन' है इसके लेखक है -

1. अब्दुल्ला
2. गुलाम अली
**3. ख्वाजा बंदा नवाज**
4. निजामी

63. भोलानाथ तिवारी के अनुसार 'मगही' बोली इस उपभाषा के अंतर्गत है -

1. राजस्थानी
2. पहाडी
3. पूर्वी हिंदी
**4. बिहारी**

64. भुक्सा, अंतर्वेदी, भरतपुरी, डांगी आदि इस उपभाषा की बोलियाँ हैं -

**1. ब्रज**
2. अवधी
3. हरियाणी
4. कन्नौजी

65. अवधी बोली का केन्द्र यह है -

1. दिल्ली
2. **अयोध्या**
3. अजमेर
4. गुडगाँव

66. जोधपुर, अजमेर, मेवाड, सिरोह, जैसलमेर, बीकानेर प्रांतों में पश्चिमी राजस्थानी की यह बोली प्रचलित है -

1. **मारवाडी**
2. मेवाती
3. मालवी
4. जयपुरी

67. कोसांबी नामक बौद्ध विद्वान के अनुसार 'पाली' का संबंध 'पाल्' से है, जिसका अर्थ है -

1. शासन करना
2. **रक्षा करना**
3. शांत रहना
4. वचन का पालन करना

68. कच्छी, बिचौली, सिराइकी, थरेली, लासी, लाडी ये छह बोलियाँ इस भाषा से संबंधित हैं -

1. पंजाबी
**2. सिंधी**
3. गुजराती
4. असमी

69. शौरसेनी अपभ्रंश के उत्तरी रूप जिसका क्षेत्र देहरादून का मैदानी भाग, सहारनपुर, मुजफ्फर नगर, मेरठ, दिल्ली... आदि है, वह है -

**1. कौरवी**
2. व्रज
3. सिंधी
4. हरियाणी

70. बेगमती जबान और बेगमती उर्दू के नाम से जाने जानेवाली भाषा यह है, जिस में स्त्रियों की भाषा में कविताएँ लिखी गयीं -

1. हिंदुस्तानी
**2. रेख्ती**
3. हिंदुई
4. प्राकृत

71. जिन व्यंजनों के उच्चारण में जीभ ऊपर उठकर झटके के साथ नीचे आयें, उन्हें ऐसे कहते हैं -

1. स्पर्श
2. नासिक्य
3. संघर्ष
4. **उत्क्षिप्त**

72. हिंदी भाषा में क़, ख़, ग़, ज़, फ़ ये पाँच व्यंजन इस भाषा के प्रभाव से विकसित हुई हैं जो हिंदी या उसकी पुरानी परंपरा में नहीं थे -

1. **फ़ारसी**
2. अरबी
3. तुर्की
4. अंग्रेजी

73. सन् 2003 में यहाँ सातवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन समारोह मनाया गया -

1. मारीशस
2. भारत
3. ट्रिनिडाड एवं टोबागो
4. **सूरीनाम**

74. महात्मागांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय यहाँ स्थित है -

1. प्रयाग
2. इलाहाबाद
3. **वार्धा**
4. वाराणसी

75. मैथिली भाषा की तीन लिपियों में से यह साहित्यक कार्यों के लिए प्रयुक्त है -

1. चित्र लिपि
2. ब्राह्मी लिपि
3. **नागरी लिपि**
4. शारदा लिपि

76. उर्दू लिपि की तरह दायें से बायें की ओर लिखी जानेवाली यह लिपि भारत की प्राचीन दो लिपियों में से एक है और विदेशी लिपि भी है -

1. नागरी लिपि
2. गुप्त लिपि
3. **खरोष्ठी लिपि**
4. शारदा लिपि

77. निराकार वस्तुओं और भावों को आकार देना, तथ्य को चित्रमय बनाना, भावों को जगानेवाले चित्र अंकित करना... आदि, काव्य के इस तत्व के सहारे होते है -

**1. कल्पना तत्व**

2. बुद्धि तत्व

3. अर्थ तत्व

4. शब्द तत्व

78. इस पद्य रचना में 'क्रम' किसी आंतरिक नियम में बंधे नहीं हो कर स्वतःपूर्ण और स्वतंत्र पूर्वक छंद वाली होती है -

1. प्रबंध काव्य

2. निबंध काव्य

**3. मुक्तक काव्य**

4. आख्यान काव्य

79. जब इष्ट के विनाश, धर्म के आघात और द्रव्य नाश आदि से हृदय में शोक व्याप्त हो जाता है, तब रस उत्पन्न होता है -

1. वीभत्स रस

2. वीर रस

3. अद्भुत रस

**4. करुणरस**

80. 'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' - यह उक्ति इनकी है -

1. आनंदवर्धन
**2. विश्वनाथ**
3. वामन
4. कुंतक

81. जहाँ पर स्तुति के वाक्यों द्वारा निंदा और निंदा के वाक्यों के द्वारा स्तुति प्रकट होती है, वहाँ यह अलंकार होता है -

1. सहोक्ति
2. अप्रस्तुत
3. आक्षेप
**4. व्याजस्तुति**

82. निम्न में से यह शब्दालंकार है -

**1. अनुप्रास**
2. उपमा
3. रूपक
4. प्रतीप

83. ''हम जो प्रीति करी माधव सों चलत न कछू कह्यो'' - इस विष्णुपाद छंद के इस चरण में कुल इतनी मात्राएँ हैं -

1. 24 मात्राएँ
2. 23 मात्राएँ
3. 28 मात्राएँ
4. **26 मात्राएँ**

84. यह छंद दोहा का उल्टा होता है और इसके प्रत्येक पंक्ति में चौबीस मात्राएँ होती हैं । इस प्रकार विषम अर्थात, पहले तीसरे चरणों में ग्यारह-ग्यारह तथा दूसरे-चौथे चरणों में तेरह-तेरह मात्राएँ होती हैं -

1. बरवै
2. **सोरठा**
3. चौपाई
4. तोटक

85. आप कहाँ से आ रहे हैं ? इस वाक्य में निजवाचक सर्वनाम पहचानिए -

1. **आप**
2. कहाँ से
3. आ
4. रहे हैं

86. मोहन के पास एक टूटी घड़ी है । इस वाक्य में गुणवाचक विशेषण शब्द को पहचानिए -

1. मोहन
**2. टूटी**
3. पास
4. घड़ी

87. निम्न शब्दों में से रीतिवाचक क्रिया विशेषण को पहचानिए -

1. अधिक
2. आज
3. जहाँ-तहाँ
**4. गटागट**

88. निम्न में से विरोध बोधक अव्यय शब्द क्या है ?

1. तथापि
**2. मगर**
3. क्योंकि
4. यदि

89. निम्न विकल्पों में से योग रुढ शब्द पहचानिए ।

1. राज
**2. चौकन्ना**
3. हृदय
4. हथकडी

90. ‘उद्योग’ इस शब्द में उपसर्ग पहचानिए ।

1. योग
2. उदो
**3. उत्**
4. उद

91. निम्न विकल्पों में से पुंलिंग विकल्प को पहचानिए ।

1. शराब
2. किताब
3. नहर
**4. गुलाब**

92. वृक्ष - फल गिरता है - उचित अपादान कारक चिह्न से पूर्ति कीजिए

**1. से**
2. के
3. को
4. में

93. 'इत्यादि' - इस शब्द में कौन सी संधि है ?

1. दीर्घ संधि
**2. यण संधि**
3. विसर्ग संधि
4. गुण संधि

94. धर्मभ्रष्ट - इस शब्द में कौन सा समास है -

1. द्‌वंद्‌व समास
2. कर्मधारय समास
3. द्‌विगु समास
**4. तत्पुरुष समास**

95. मयंक, हिमांशु, कलानिधि-इन शब्दों का पर्यायशब्द पहचानिए -

1. खल
2. गरुड
**3. चाँद**
4. जंगल

96. 'कोष्ठ' शब्द का तद्‌भव रूप पहचानिए -

**1. कोठा**
2. काठ
3. काष्ठ
4. कंठ

97. निम्न शब्दों में विदेशी शब्द को पहचानिए -

1. चिकना
2. **जिला**
3. नीर
4. धमक

98. निम्नलिखित वाक्यों मे से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया वाला वाक्य पहचानिए ।

1. प्रिया चाकू से फल काट रही है ।
2. प्रेरणा घर में काम करती है ।
3. **सतीश अपने बच्चे को नहलाता है ।**
4. राजन बच्चों को पढवाता है ।

99. फैक्टरी बंद कर दी । इस वाक्य का कर्म वाच्य रूप पहचानिए ।

1. फैक्टरी बंद की गई ।
2. **फैक्टरी बंद करा दी गई ।**
3. फैक्टरी बंद कर दो ।
4. फैक्टरी बंद कराई जाएगी ।

100. ''भारत माता की जय हो ।'' यह इस प्रकार का वाक्य है -

1. **इच्छा बोधक वाक्य**
2. आज्ञार्थक वाक्य
3. निषेधार्थक वाक्य
4. विधानार्थक वाक्य

101. ''घी के दिए जलाना'' इस मुहावरे का सही अर्थ पहचानिए ।

1. बहुत दिये जलाना
2. **बहुत खुशी मनाना**
3. बहुत काम करना
4. बहुत पैसे गवाँना

102. ''दीवार के भी कान होते हैं'' - लोकोक्ति का अर्थ पहचानिए -

1. हठी पर कोई प्रभाव नहीं ।
2. काम शुरू होते ही संकट ।
3. **गुप्त बात कभी छिप नहीं सकती ।**
4. नगद थोडा ही अच्छा है ।

103. छठवीं कक्षा के 'हिंद देश के निवासी' पाठ के अनुसार कोयल की कूक कैसी है -

1. लोरी
2. प्यारी
3. **न्यारी**
4. क्यारी

104. सातवी कक्षा के 'हमारे त्यौहार' पाठ के अनुसार गौरी पूजा के रूप में इस त्योहार को मनाते हैं -

**1. अट्ला तद्दी**

2. महाशिवरात्री

3. नागपंचमी

4. दीपावली

105. सातवीं कक्षा के 'मन करता है' पाठ के अनुसार बच्चा क्या बनकर दूर-दूर तक उडना चाहता है ?

1. चंदा

**2. तितली**

3. सूरज

4. कोयल

106. सातवीं कक्षा के 'हिंदी दिवस' पाठ में सरिता को हिंदी दिवस के बारे में किसने जानकारी दी ?

1. वीणा

2. राजी

3. कविता

**4. रोजी**

107. आठवीं कक्षा के 'प्यारा गाँव' पाठ में लुहार कौन है ?

1. रमेश
2. दामोदर
3. **कमलेश**
4. बाबय्या

108. आठवीं कक्षा के 'दिल्ली से पत्र' पाठ के अनुसार 'जंतर-मंतर' को इसने बनवाया था -

1. राजा लक्ष्मणसिंह
2. राजा मानसिंह
3. राजा विजयसिंह
4. **राजा जयसिंह**

109. विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस इस दिन मनाते हैं -

1. **15 मार्च**
2. 15 अप्रैल
3. 15 मई
4. 15 जून

110. नौवीं कक्षा के 'बेटी के नाम पत्र' पाठ के अनुसार किसी बात को दूसरों से छिपाने की इच्छा कब होती है ?

1. अच्छे काम करते समय
2. पढते समय
3. **गलत काम करते समय**
4. लिखते समय

111. दसवीं कक्षा के 'बरसते बादल' पाठ में आर्द्र-सुख से क्रंदन करनेवाला यह है -

1. झिल्ली
2. चातक के गण
3. दादुर
4. **सोनबालक**

112. वाउल और भतियाली इस राज्य से संबंधित लोकगीत हैं -

1. गुजरात
2. **बंगाल**
3. बिहार
4. पंजाब

113. दसवीं कक्षा के 'स्वराज्य की नींव' पाठ में किसकी सेना ने मुरार में पेशवा की सेना को हरा दिया ?

**1. जनरल रोज**

2. जनरल डलहाउसी

3. जनरल रोनाल्ड

4. जनरल बेंटिग

114. दसवीं कक्षा के 'जल ही जीवन है' पाठ किस पुस्तक से लिया गया है ?

1. आपदाओं से बचने के लिए विज्ञान

2. कृषि के लिए विज्ञान

**3. संचार माध्यमों के लिए विज्ञान**

4. मनोरंजन के लिए विज्ञान

**निम्न गद्यांश पढिकर 115, 116, 117 प्रश्नों के जवाब विकल्पों में से पहचानिए ।**

इतिहास के प्रथम व्याख्याता यूनानी विद्वान हिरोदोतस (456-545 ई.पू) ने इसे 'खोज', 'गवेषणा' था 'अनुसंधान' के अर्थ मे ग्रहण करते हुए इसके चार लक्षण निर्धारित किये थे । एक तो यह है कि इतिहास वैज्ञानिक विद्या है, अतः इसकी पद्धति आलोचनात्मक होती है । दूसरे मानव जाति से संबंधित होने के कारण मानविकी है ।

115. इतिहास के प्रथम व्याख्याता इस देश के हैं -

1. रोम
2. मिश्र
3. मिसपरोमिया
4. **यूनान**

116. हिरोदोतस ने इतिहास के इतने लक्षण निर्धारित किये -

1. तीन
2. **चार**
3. पाँच
4. दो

117. हिरोदोतस ने इतिहास को इस अर्थ में लिया -

1. चरित्र
2. अतीत
3. विज्ञान
4. **गवेषण**

**निम्न पद्यांश पढ कर 118, 119, 120 प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से पहचानिए ।**

ये मेघ साहसिक सैलानी
ये तरल बाष्प से लदे हुए
द्रुत साँसों से लालसा भरे
ये ढीठ समीरण की झोंके

118. मेघ किस से लदे हुए हैं -

1. समीर से
2. कठोर बाष्प से
3. **तरल बाष्प से**
4. खगों से

119. साहसिक सैलानी ये हैं -

1. बाष्प
2. **मेघ**
3. अनल
4. समुंदर

120. कवितांश में प्रयुक्त ‘ढीठ’ शब्द का अर्थ यह है -

**1.** **उद्दंड**

2. कमजोर

3. डरपोक

4. विनयी

# METHODOLOGY

121. निम्न में से यह गुण उत्तम शिक्षक के मानसिक गुणों के अंतर्गत नहीं है -

1. शिक्षण सिद्धांतों व विधियों का ज्ञान
2. **स्फूर्ति व उत्साह**
3. बाल प्रकृति का ज्ञान
4. वातावरण का ज्ञान

122. 'बालक क्रिया के द्वारा ही कार्य को सीखता है । अतः जहाँ तक संभव हो सके, उसे 'करके सीखने' का अवसर दिया जाय ।'' इस कथन के प्रतिपादक है -

1. **फ्रोबेल**
2. महात्मा गाँधी
3. कामेनियस
4. रायबर्न

123. शिक्षण में अध्यापक यदि मनोवैज्ञानिक विधि का अनुकरण करता है तो वह अपने शिक्षण को इससे प्रारंभ करता है -

1. वर्ण से
2. ध्वनि से
3. अक्षर से
4. **वाक्य से**

124. कक्षा में यदि शिक्षक दो वस्तुओं, तथ्यों, घटनाओं आदि में समानता और असमानता बताते हुए छात्रों से प्रश्न पूछता है जिससे छात्रों में निरीक्षण, परीक्षण और चिंतन के गुणों का विकास होता है तो वह इस शिक्षण प्रणाली का उपयोग करता है -

1. विवरण प्रणाली
2. व्याख्या प्रणाली
3. **तुलना प्रणाली**
4. व्याख्यान प्रणाली

125. भाषाविदों ने जीभ, गला, ओंठ, नाक आदि स्वर तंत्रों के अध्ययन के बाद बताया कि किन्हीं दो व्यक्तियों के स्वरतंत्र एक जैसे नहीं होते, इसीलिए उनके बोलने की भाषा में कुछ न कुछ अंतर अवश्य ही रहता है । ये विचार भाषा के इस दृष्टिकोण से संबंधित है -

1. राजनैतिक
2. **भौतिक**
3. नैतिक
4. सामाजिक

126. छात्रों को इस योग्य बनाना कि वे वर्णनात्मक और सूचनात्मक सामग्री का संक्षेपीकरण कर सकें । भाषा-शिक्षण का यह उद्देश्य इन कक्षाओं के लिए निर्धारित किया गया है -

1. **उच्च कक्षाओं**
2. प्रारंभिक कक्षाओं
3. माध्यमिक कक्षाओं
4. पूर्व आरंभिक कक्षाओं

127. गलत कथन पहचानिए -

1. **प्रत्येक स्वर स्वरोच्चारण में पूर्णतया आश्रित होता है ।**
2. स्वर स्वतंत्र अथवा स्वरित होते हैं ।
3. मुखाकाश में वायु के संचरण मात्र से स्वरों का स्वरण होता है ।
4. कोई भी व्यंजन किसी एक स्वर की सहायता के बिना व्यक्त नहीं होता है।

128. ध्वनि की दृष्टि से शब्दों के इतने भेद होते हैं -

1. तीन
2. चार
3. **दो**
4. पाँच

129. एक पद के पढ़ने या सुनने के बाद वक्ता या लेखक के विचारों और भावों की जानकारी प्राप्त करने के लिए श्रोता या पाठक के मन में दूसरा पद पढ़ने की जो स्वाभाविक उत्कंठा उत्पन्न होती है, उसे कहते हैं -

1. योग्यता
2. क्षमता
3. शब्द-क्रम
4. **आकांक्षा**

130. ये ध्वनियाँ मुख बंद किये हुए भी, केवल नाक से बोली जा सकती हैं -

1. ओ, ई
2. उ, ऊ
3. **हैं, हूँ**
4. के, में

131. यदि बालक 'विषय' के स्थान पर 'विशय' लिखता है और 'वंदना' के स्थान पर 'बंदना' लिखता है तो उसकी वर्ण संबंधी यह अशुद्धि इसके अंतर्गत आती है -

1. वर्णों का लोप
2. स्थान परिवर्तन
3. अनावश्यक वर्ण
4. **सदृश वर्ण की अशुद्धियाँ**

132. अक्षर विन्यास के अभ्यास का सबसे अच्छा साधन है -

1. शब्दों पर ध्यान नहीं देना ।
2. **शब्दों को बार-बार लिखवाना ।**
3. शब्दों को कभी-कभी लिखवाना ।
4. शब्दों को कभी भी नहीं लिखवाना ।

133. इन्होंने सस्वर वाचन की साहचर्य विधि का आविष्कार किया था -

1. **श्रीमती मान्तेसरी**
2. श्री मैंजिल
3. रायबर्न
4. किलपैट्रिक

134. केंद्रीय पुस्तकालय का उपयोग थे कर सकते हैं -

1. केवल विद्‌यार्थी
2. केवल अध्यापक
3. **अध्यापक और विद्‌यार्थी दोनों**
4. अध्यापक और विद्‌यार्थी दोनों ही नहीं कर सकते हैं ।

135. इस श्रव्य उपकरण द्‌वारा कविता और गद्‌य, नाटकीय पाठ, बड़े आदमियों के भाषण शुद्‌ध उच्चारण आदि सीखे जा सकते हैं -

1. **सीतावाद्‌य**
2. दूरदर्शन
3. चित्र दर्शक
4. चलचित्र

136. सूक्ष्म अध्यापन प्रणाली में, 5 से 10 मिनट के समय में इस का अभ्यास करवाया जाता है -

1. दो कौशलों का
2. तीन कौशलों का
3. चार कौशलों का
4. **एक कौशल का**

137. यदि पाठ को कई अन्वितियों में विभाजित किया जाता है तो प्रत्येक अन्विति के अंत में पूछे वाले प्रश्नों को कहते हैं -

1. समस्यात्मक प्रश्न
2. **आवृत्यात्मक प्रश्न**
3. तुलनात्मक प्रश्न
4. बोध प्रश्न

138. डाल्टन प्रणाली में अध्ययन - समस्या को विद्यार्थी के इस दृष्टिकोण से देखा जाता है -

1. सार्वजनिक दृष्टिकोण
2. लोक दृष्टिकोण
3. **व्यक्तिगत दृष्टिकोण**
4. सामूहिक दृष्टिकोण

139. पाठ्य विषय को सुगम बनाने के लिए उसका प्रस्तुतीकरण इस सिद्धांत के आधार पर करना चाहिए -

1. आवृत्ति का सिद्धांत
2. निर्माण व मनोरंजन का सिद्धांत
3. चयन का सिद्धांत
4. **विभाजन का सिद्धांत**

140. 'शब्दों को पहचानने की क्षमता का विकास करना ।' यह उपचारात्मक कार्य इससे संबंधित है -

1. लेखन
2. **वाचन**
3. व्याकरण
4. अक्षर-विन्यास

141. इस भारतीय शिक्षाशात्री के अनुसार सस्तिष्क की शिक्षा केवल शरीर के अंगों के उचित अभ्यास और प्रशिक्षण से प्राप्त की जा सकती है -

1. **महत्मा गांधी**
2. रवीद्रनाथ ठाकूर
3. डा. राधाकृष्णन
4. हुमयुन कबीर

142. भाषा-शिक्षण के उद्देश्यों की पूर्ति की जाँच हेतु आयोजित की जाने वाली लिखित परीक्षा के संबंध में गलत विकल्प पहचानिए -

1. किसी चित्र अथवा प्रकरण का लिखित वर्णन करने के लिए कहना ।
2. किसी प्रकरण का संक्षेपीकरण करवाना ।
3. संक्षिप्त प्रकरण का पल्लवन अर्थात विस्तारण करवाना ।
4. **परीक्षक से प्रश्न पूछने हेतु छात्र को प्रेरित करना ।**

143. इस प्रणाली का प्रयोग साहित्य, इतिहास, भूगोल और विज्ञान के शिक्षण में अधिकतर किया जाता है, जहाँ अकसर भावों या विचारों की जटिलता या गुत्थी आ जाती है -

1. पुस्तक पठन प्रणाली
2. वर्णन प्रणाली
3. **व्याख्या प्रणाली**
4. तुलनात्मक प्रणाली

144. अक्तूबर 1951 ई. में गठित माध्यमिक शिक्षा आयोग के अध्यक्ष थे -

1. डॉ. ताराचंद
2. **डॉ. लक्ष्मण स्वामी मुदालियर**
3. डॉ. राधाकृष्णन
4. डॉ. जाकिर हुसैन

145. रायबर्न के अनुसार अच्छा शिक्षक इनके संबंध में अपने ज्ञान की वृद्धि के लिए सदैव सचेष्ट रहता है । वह अपने ज्ञान को नया और आधुनिक रखने की चेष्टा करता है -

1. छात्र के पारिवारिक विषय
**2. शिक्षण विधियाँ**
3. वैज्ञानिक विधियाँ
4. मनोवैज्ञानिक विधियाँ

146. यदि कक्षा के अधिकांश छात्र-छात्राएँ इतने प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करते हैं तो परीक्षा परिणाम समरूपेण बुरा माना जाता है -

1. 60 प्रतिशत
2. 50 प्रतिशत
**3. 40 प्रतिशत**
4. 70 प्रतिशत

147. उच्च कक्षाओं में रचना-शिक्षण की विधियों के अंतर्गत इस विधि 'खंडन-मंडन विधि' भी कहा जाता है -

1. मंत्रणा विधि
2. अनुकरण विधि
3. स्वाध्याय विधि
**4. तर्क विधि**

148. ''व्याकरण के द्वारा भाषा-रचना का ज्ञान प्राप्त होता हैं । व्याकरण भाषा संबंधी तथ्यों को इस प्रकार व्यवस्थित करता है कि वे कुछ नियमों के अंतर्गत आ जाएँ । यह कथन इनकी परिभाषा का सार है -

**1. डॉ. स्वीट**

2. सानशिन

3. हैजालिट

4. पाणिनी

149. छोटे बालकों को सुनायी जाने वाली कहानियों के संबंध में गलत कथन पहचानिए -

1. कहानियाँ सरल होनी चाहिए ।

**2. कहानियों में गतिहीनता होनी चाहिए ।**

3. कहानियाँ स्पष्ट होनी चाहिए ।

4. कहानियों में यथेष्ट परिमाण में वार्तालय होना चाहिए ।

150. नाटक शिक्षण के इस क्रम में अध्यापक निश्चित अंश का वाचन इस प्रकार करेगा, मानो वह स्वयं ही रंगमंच पर खड़ा पात्रों का अभिनय कर रहा है । यह अभिनय केवल सात्विक तथा वाचिक होगा -

1. अनुकरण

2. परिचयात्मक वार्त्ता

**3. विषय-प्रवेश**

4. नाटक की आलोचना

151. श्रुत सामग्री जैसे सस्वर वाचन, आदेश, निर्देश आदि विषय कौशलात्मक उद्देश्य से संबंधित इस तत्व के अंतर्गत आते हैं -

1. पढ़कर अर्थ ग्रहण करने की योग्यता प्राप्त करना ।

**2. सुनकर अर्थ ग्रहण करने की योग्यता प्राप्त करना ।**

3. बोलकर अर्थ ग्रहण करने की योग्यता प्राप्त करना ।

4. लिखकर अर्थ ग्रहण करने की योग्यता प्राप्त करना ।

152. बालक की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर बनाये गये क्रिया-प्रधान पाठ्यक्रम के लिए शिक्षा जगत इनका ऋणी है -

1. ए.बी.स्ट्रेटमेयर

2. ग्रेस. एस. राइट

**3. डॉ. जॉन डीवी**

4. चेम्स. एम. ली

153. पाठ्य वस्तु की दृष्टि से, पाठ्य पुस्तक में विषय वस्तु का प्रस्तुतीकरण होना चाहिए -

**1. ज्ञात से अज्ञात की ओर**

2. अज्ञात से ज्ञात की ओर

3. ज्ञात से ज्ञात की ओर

4. अज्ञात से अज्ञात की ओर

154. मौन वाचन के उद्देश्यों से संबंधित गलत कथन पहचानिए -

1. ज्ञात-प्राप्ति
2. अवकाश के समय का सदुपयोग
3. मनोरंजन
4. **शारीरिक विश्रांति**

155. वार्त्तालाप शिक्षण के दौरान बोलते समय बालक को रोक कर, उसकी अशुद्धियों को ठीक करना इस दृष्टि से उपयुक्त नहीं है -

1. सांस्कृतिक
2. सामाजिक
3. **मनोवैज्ञानिक**
4. भौतिक

156. लिखना सिखाने की इस विधि में बालक स्वयं संशोधन करता है -

1. मॉन्तेसरी विधि
2. पैस्टालॉजी विधि
3. अनुकरण विधि
4. **जैकटाट विधि**

157. लिखित कार्य से बालक प्राप्त ज्ञान को लिखित रूप में अभिव्यक्त करता है । इससे उनके द्‌वारा प्राप्त ज्ञान का होता है -

**1. दृढीकरण**

2. निम्नीकरण

3. सरलीकरण

4. विमुखीकरण

158. अर्थ-ग्राह्‌यता और भाव प्रकाशन, भाषा शिक्षण की दृष्टि से कक्षाध्यापन के इस सिद्‌धांत से संबंधित है -

1. व्यक्तिगत भिन्नता के सिद्‌धांत

**2. उपयुक्त क्रम के सिद्‌धांत**

3. स्वाभाविकता के सिद्‌धांत

4. रूचि के सिद्‌धांत

159. प्रथम भाषा और द्‌वितीय भाषा यदि सगोत्री या समस्त्रोतीय भाषाएँ होती हैं, तो द्‌वितीय भाषा को सीखने में .............

**1. कम प्रयास करना पड़ता है ।**

2. अधिक प्रयास करना पड़ता है ।

3. प्रयास की आवश्यकता ही नहीं होती है ।

4. अधिकाधिक प्रयासों की आवश्यकता होती है ।

160. .............. रूप में पाठ्यक्रम अध्ययन का वह क्रम हैं, जिनमें विभिन्न ज्ञानों और कुशलताओं का संग्रह पुस्तकों के द्‌वारा होता है -

1. व्यापक
2. **संकुचित**
3. लचीले
4. विस्तृत